Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to curb pollution in Indira Gandhi Canal and also to grant Membership of BBMB
Rajasthan.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): सभापति महोदय, राजस्थान की औद्योगिक ईकाइयों द्वारा पानी बढ़ते प्रदूषण के कारण इंदिरा गाँधी नहर का पानी पीने व सिंचाई योग्य नहीं रह गया है। राजस्थान प्रदेश पानी एक बड़ी समस्या है और बहुत ही सीमित मात्रा में इसकी उपलब्धता है। इंदिरा गाँधी नहर, जिसव पानी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान प्रदेश को आवंटित होता है, उसमें प्रदूषण बहुत ही खतरनाक स्तर प पहुंच चुका है। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों के लिए जीवनदायिनी बन चुकी इंदिरा गांधी नहर अ बीमारियों का कारण बन रही है। पंजाब से आ रहे बेहद प्रदूषित पानी का इस्तेमाल करने वाले लोग ब संख्या में बीमार हो रहे हैं और पीलिया व कैंसर जैसे रोग में बढ़ोतरी हुई है। राजस्थान के हनुमानगढ़ श्रीगंगानगर जिलों में इस प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय न संरक्षण योजना के अंतर्गत पंजाब सरकार को कुल 663.20 एमएलडी क्षमता के 26 सीवेज शोधन संयंत्रों व स्थापित करने के लिए 774 करोड़ रूपए जारी किये थे। अब बीबीएमबी में हरियाणा और पंजाब व एकाधिकार समाप्त कर दिया गया है। इसी कड़ी में मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि अब राजस्थान को बीबीएमबी में सदस्यता प्रदान की जाए।